अमेरिका के ऑबर्न यूनिवर्सिटी ने केआर मंगलम विश्वविद्यालय का दौरा किया

कार्यक्रम में शामिल प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

गुरुग्राम, बुलंद खोज / लोकेश कुमार। अमेरिका के अलबामा प्रान्त के शिक्षा और शोध में सुप्रसिद्ध ऑबर्न यूनिवर्सिटी के गणमान्य सदस्यों ने के आर मंगलम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय अनुरूप दोनों संस्थाओं के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के आपसी सहयोग, उन्नयन एवं संवर्धन के लिए का दौरा किया। इस सहयोग के उपरांत ऑबर्न यूनिवर्सिटी के प्रोवोस्ट डॉ रॉयरिकरस कूक और वहां के हैरिसन फार्मेसी कॉलेज के प्रो. मुरली धनशेकरण ने प्रसन्नता और आभार व्यक्त करते हुए कहा की ऐसे कार्यकर्म के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी और शिक्षक लाभान्वित होंगे। कुलपति प्रो. सी एस दुबे ने बताया की इस कार्यकर्म का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और पूर्व में चल रहे दुसरे अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के जैसे ऑबर्न यूनिवर्सिटी के साथ भी जल्दी ही अन्त संस्थागत शिक्षण, प्रशिक्षण, विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्नयन एवं संवर्धन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आदान-प्रदान के विषयों पर अहम् कार्य किया जाएगा। प्रो. अरुण गर्ग ने कहा कि इस तरह के सहयोग के बाद निश्चित तौर पर इस विश्वविद्यालय के स्नातक और परास्नातक छात्र सहित शोध वैज्ञानिक और शिक्षक के बीच नियमित रूप से विषय विशेषज्ञ ऑनलाइन संगोष्ठियों, सम्मेलनों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों कार्यशालाओं का समय-समय पर आयोजन के साथ साथ विभिन्न शोध गतिविधि, स्किल डेवेलोपमेंट और संयुक्त रूप से शोध परियोजनाओं और पब्लिकेशन में एक दूसरे का सहयोग अब और बढ़ेगा।